भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3082

उत्तर देने की तारीख 04.08.2022

डिजिटल समाधान

3082. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वर्तमान में उपयोग में आने वाली मशीनरी और उपकरणों के लिए डिजिटल संवर्धन सहित अनुकरणीय डिजिटल समाधानों तथा डिजिटल सक्षम जैसी सरकारी पहलों तथा उद्यम, ई-श्रम, नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) और आत्मनिर्भर इम्प्लॉयर मैपिंग (असीम) पार्टलों, जो लक्षित डिजिटलीकरण योजनाओं को पूरा कर सकते हैं, को इंटरलिंक किए जाने की आवश्यकता है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं/परिणाम मिले हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख): माननीय वित्त मंत्री द्वारा दिनांक 01 फरवरी, 2022 को की गई बजट घोषणा में यह कहा गया कि "उद्यम, ई-श्रम, नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल और आत्मनिर्भर स्किल्ड इम्प्लॉयर मैपिंग (असीम) पोर्टलों को इंटरलिंक किया जाएगा। उनके दायरे को बढ़ाए जाएगा। अब वे जीवंत, जैविक डाटावेस वाले पोर्टलों के रूप में कार्य करेंगे जो सरकार से नागरिक (जी2सी), व्यवसाय से ग्राहक (जी2सी) और व्यवसाय से व्यवसाय (बी2बी) सेवाएं प्रदान करेंगे। ये सेवाएं ऋण सुविधा, कौशल और भर्ती से संबंधित होंगी जिनका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को और अधिक औपचारिक बनाना और सभी के लिए उद्यमी अवसरों में बढ़ोत्तरी करना है।

श्रम और रोज़गार मंत्रालय ने सूचना दी है कि नोडल मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्गत एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है जो नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस), ई-श्रम, उद्यम और असीम पोर्टलों के एकीकरण को सुविधाजनक बनाएगा। आज की तारिख में, एनसीएस पोर्टल और ई-श्रम पोर्टल का एकीकरण पूरा किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त, सरकार एमएसएमई के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करती है जैसे कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल, जेम, ट्रेड्स, एमएसएमईमार्ट.कॉम, एमएसएमई संबंध और एमएसएमई समाधान पोर्टल।

****